ग्राम पंचायतों में डाकघर

2576. **श्री जगन्नाथ सिंहः** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)क्या यह सच है कि सरकार ने संसद मे यह घोषणा की थी कि वर्ष 1997 के अंत तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय में डाकघर संचालित कर दिया जाएगा; और

(ख)यदि हां, तो देश में कितनी पंचायतों में डाकघर संचालित किए जा रहे है तथा शेष कितनी पंचायतों में इस समय यह सुविधा उपलब्ध नहीं है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)ः (क) जी नहीं।

(ख)देश में डाकघर वाली ग्राम पंचायतों की संख्या 110943 है। 110029 ग्राम पंचायतों में डाकघर नहीं है।

बिहार में रांची जिले की पंचायतों में डाकघर

2577. **श्री ज्ञान रंजनः** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क)क्या यह सच है कि सरकार ने प्रत्येक पंचायत में डाकघर खोलने का निर्णय किया है;

(ख)क्या यह भी सच है बिहार में रांची जिले के अनगड़ा प्रखण्ड के टाटीकिगारी, सोनाहात, के वाकू सारेजाद पंचायतों में अभी तक डाकघर नहीं खोला गया है जिसके कारण लोगों को डाक सुविधा नहीं मिल रही है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में डाक सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है; और

(घ)यदि हां, तो कब तक और यदि , नहीं, तो उसके क्या कारण है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)ः (क) डाकघर योजना कार्यकलाप के रूप में मानदंड पर आधारित औचित्य होने पर खोले जाते है बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध रहें । इस उद्देश्य के लिए ग्राम पंचायत के मुख्यालय वाले गांवों को प्राथमिकता दी जाती है।

(ख) से (घ) टाटी ग्राम पंचायत में डाकघर खोलने के प्रस्ताव की जाचं की गई थी परन्तु वित्तीय मानदंडों के आधार पर इसका औचित्य नहीं पाया गया। यह सच नहीं है कि बिहार कें रांची जिले की पिस्कानगरी, सोनाहात पंचायतों में डाकघर नहीं है। इन ग्राम पंचायतों में डाक सुविधाएं प्रदान की गई है। अनगड़ा ब्लॉक के केवाकू तथा सारजेद जनगणना ग्राम नहीं है।

बिहार के जनजाति क्षेत्र में संचार सुविधाएं

2578. **श्री ज्ञान रंजनः** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क)क्या यह सच है कि बिहार में रांची जिले में जनजाति क्षेत्रों अर्थात अनगड़ा, दिल्ली, सोनाहात, कुडमू और नापकुम तथाअ पश्चिमी सिंहभूम के इयागढ़ नीमडीह चाण्डल में भी सभी पंचायतों में अभी तक संचार सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(ख)क्या यह भी सच है कि उक्त प्रखण्डों की पंचायतों में संचार सुविधा उपलब्ध न होने के कारण काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग)यदि हां, तो क्या सरकार जनजाति क्षेत्रों के उक्त प्रखण्डों की सभी पंचायतों में संचार सुविधाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है; और

(घ)यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) और (ख) जी हां। इन खण्डों (ब्लाकों) की कुछ पंचायतों में अभी भी दूरसंचार सुविधाए उपलब्ध नहीं है। सरकार को जनता द्वारा उठाई जा रही परेशानियों के बारे में जानकारी है।

(ग) और (घ) नौवीं योजना के अंत तक प्रत्येक गांव को टेलीफोन सुविधाएं प्रदान की जानी है जिससे पंचायतें भी शामिल हो जाएंगी।

Poor Postal Services in Kanyakumari

2579. SHRI N. THALAVAI SUNDARAM: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that postal distribution system in the villages of Kanyakumari district is very poor and letters, telegrams, money-orders and registered letters are delivered very late in these areas;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps being taken by Government to improve the postal distribution system in the State of Tamil Nadu?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI BENI PRASAD VERMA): (a) and (b) No, Sir.